कार्यालयः— क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी, कुमाऊँ मण्डल, अल्मोड़ा
प्रेस विज्ञप्ति (रोजगार भर्ती मेला)

पत्रांक :— 0806/रो0मे0/विज्ञप्ति/2024—25/ 1803-19 **दिनांकः— 10—10—2024**

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, (मॉडल कैरियर सेन्टर) अल्मोड़ा द्वारा **16—10—2024 (बुधवार)** को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, मेले में G4S Security Haridwar, Lic Almora, Pukhraj Healthcare Pvt. Ltd. Rudrapur, World wide Recuriter Kashipur, Truture Pvt. Ltd. Rudrapur, Belrise Rudrapur, Shri Ram Piston Ghaziabad, Meraqui ventures Pvt. Ltd. Delhi, CIEL HR Gujrat, Medhavi Skill Solution Pvt. Ltd. Rudrapur, Innove Solution Ambala, Words Worth NGO Rudrapur, MRF Gujrat, L&T Ahamdabad एवं SBI Life Ranikhet. के प्रतिनिधियों द्वारा Security Guard, Rural Carrier Agent, Wellness advisor, Production Operator, HR Excutive, Picker Packer, Apprentice Trainee, Developer Manager, Assistant Manager, Telly Caller आदि के लगभग **1119 पदों** हेतु प्रातः 10 बजे से बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार परीक्षा के माध्यम से किया जएगा। जिसमें शैक्षिक अर्हता 10th / 12th /ITI / Diploma /Graduate/ Post Graduate एवं आवश्यक कार्य अनुभव, उम्र न्यूनतम 18 से अधिकतम 40 तथा वेतनमान अलग—अलग पदों हेतु 8000/— से 22500/— तक निर्धारित है। अभ्यर्थी अपने **शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ, बायोडाटा व दो पास्पोर्ट साईज फोटो** के साथ निर्धारित स्थान एवं तिथि में उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

उक्त रोजगार मेले हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीकरण **National Career Service Portal (www.ncs.gov.in)** पर अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी हेतु निम्न नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते है—**0962—2298040, 9720196087, 9412985605, 05966—221221, 7668807411.**

भवदीय,

(आर0 के0 पन्त)
क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी
अल्मोड़ा।

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला अधिकारी, महोदय, अल्मोड़ा।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महोदय अल्मोड़ा, को इस निवेदन के साथ कि मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अल्मोड़ा।
4. निदेशक महोदय सेवायोजन, निदेशालय हल्द्वानी (नैनीताल)।
5. प्रधानचार्य, राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, रानीखेत को आवश्यक सहयोग एवं व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
6. जिला सूचना अधिकारी, अल्मोड़ा को अपने दैनिक समाचार पत्रों में वैकल्पिक दिवसों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अल्मोड़ा को इस निवेदन के साथ प्रेषित की उक्त भर्ती मेले हेतु अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का कष्ट करें।
8. जिला पंचायत राज अधिकारी, अल्मोड़ा को इस निवेदन के साथ प्रेषित की सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के माध्यम से उक्त भर्ती मेले हेतु अपने—अपने क्षेत्रों में प्रचार—प्रसार करने की कृपा करें।
9. नोडल अधिकारी/ प्रधानाचार्य आई0 टी0 आई0, चितई/राजकीय पॉलिटैक्निक अल्मोड़ा को प्रचार प्रसार हेतु सादर प्रेषित।
10. नगर सेवायोजन अधिकारी, रानीखेत को इस निर्देश के साथ कि वे अपने क्षेत्र में आवश्यक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें।
11. मुख्य शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को इस अनुरोध के साथ कि खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आवश्यक प्रचार प्रसार हेतु प्रेषित।
12. सम्पादक, अमर उजाला/दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को जनहित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
13. समस्त नियोजक/ HR को इस निर्देश के साथ प्रेषित की, **NCS PORTAL (www.ncs.gov.in)** में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा अन्तिम चयनित/नियुक्त/JOINED अभ्यर्थियों की सूची नाम/मोबाईल नं0 सहित **07** दिनो के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

10.10.24
(आर0 के0 पन्त)
क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी
अल्मोड़ा।

Scanned with OKEN Scanner